हिन्दुस्तान (Hindustan)

दिनाँक (Dated): 08/07/23 | पृष्ठ सं० (Page No). 05 | क्रम सं०(Serial No.) 02

सीआईएसएफ के अफसर सम्मानित

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित सीआईएसएफ मुख्यालय में शुक्रवार को 90 अधिकारियों और कर्मचारियों को महानिदेशक शील वर्धन सिंह ने सम्मानित किया। उन्हें सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक एवं अग्निशमन सेवा पदक और केंद्रीय गृह मंत्री के पुलिस प्रशिक्षण में उत्कृष्टता के लिए पदक से सम्मानित किया गया।

सीआईएसएफ का अब तक का यह सबसे बड़ा अलंकरण समारोह है। सीआईएसएफ प्रवक्ता अपूर्व पांडेय के अनुसार, समारोह के दौरान सीआईएसएफ के महानिदेशक शील वर्धन सिंह ने अधिकारियों और कर्मियों को पुलिस पदक एवं केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया। उन्हें यह पदक गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और अन्य अवसरों पर भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए हैं। पदक पाने वालों में नीना सिंह (विशेष महानिदेशक, मुख्यालय), पीयूष आनंद (अपर महानिदेशक, उत्तर), ज्ञानेंद्र सिंह मलिक (अपर महानिदेशक, एपीएस) आदि शामिल हैं।

सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित सीआईएसएफ मुख्यालय में शुक्रवार को अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित करते महानिदेशक शील वर्धन सिंह। • हिन्दुस्तान